अमी + अश्वाः	पितृ + अर्थम्
उप + एधते	तौ + अपि
पिपासा + ऋतः	असौ + अब्रवीत्
तव + लृकारः	शक + अन्धुः
वसन + ऋणम्	अक्ष + ऊहिणी
अमी + अजाः	मत + ऐक्यम्

2. व्यंजनसन्धि (हल्–सन्धि)

लक्षण – जहां किसी व्यंजन के किसी परवर्ती स्वर या व्यंजन के साथ मिलने पर परिवर्तन (विकार) हो, उसे व्यंजन–सन्धि कहते हैं।

यह विकार सामान्य रूप से पहले वर्ण में आता है, किन्तु कभी–कभी बाद वाले वर्ण में भी। जैसे – तत् + आगमनम् = तदागमनम् (केवल पहले वर्ण में)।

व्यंजनसन्धि के मुख्य भेद –

इसके प्रमुख नियम निम्नलिखित हैं –

1 **श्चुत्वसन्धि** (तालव्य – भाव सन्धि) स् को श्, तवर्ग को चवर्ग।

नियम – स्तोः श्चुना श्चुः, सकार या तवर्ग का शकार या चवर्ग के साथ (आगे या पीछे) मेल हो तो स्–श् में और तवर्ग–चवर्ग में बदल जाता है।

उदाहरण –

(i) स्–श्

मनस् + चलित = मनश्चलति	कस् + चित् = कश्चित्
रामस् + शेते = रामश्शेते	दुस् + चरित्रम् = दुश्चरित्रम्
देवस् + च = देवश्च	वहिस् + शाम्यति = वहिश्शाम्यति
चन्द्रस् + शोभते = चन्द्रश्शोभते	श्रेयस् + चापि = श्रेयश्चापि

(ii) तवर्ग–चवर्ग

सत् + चित् = सच्चित्	तद् + जयः = तज्जयः
सत् + चरित्रम् = सच्चरित्रम्	राजन् + जयः = राजञ्जयः
सत् + चन्द्र = सच्चन्द्रः	याच् + ना = याञ्चा
उत् + चारणम् = उच्चारणम्	यज् + न = यज्ञः
सद् + जनः = सज्जनः	तद् + झंकारः = तज्झंकारः
उत् + चरति = उच्चरति	राज् + नः = राज्ञः
तद् + जालम् = तज्जालम्	तत् + छत्रम् = तच्छत्रम्

अपवाद – शकार के बाद तवर्ग के आने पर तवर्ग का चवर्ग नहीं होता। (शात्) जैसे –

प्रश् + नः = प्रश्नः विश् + नः = विश्नः

2 ष्टुत्वसन्धि (मूर्धन्य भाव सन्धि) स् को ष्, तवर्ग को टवर्ग

नियम – ष्टुना ष्टुः – स् या तवर्ग का यदि ष् या टवर्ग के साथ (आगे या पीछे) मेल हो तो स् के स्थान में ष् और तवर्ग के स्थान में टवर्ग अर्थात् मूर्धन्य वर्ण हो जाता है।

उदाहरण –

(i) स्–ष्

रामस् + षष्ठः = रामष्षष्ठः।

धनुस् + टंकारः = धनुष्टंकारः

(i) तवर्ग – टवर्ग –

तत् + टीका = तट्टीका।	बृहन् + णकारः = बृहण्णकारः
इष् + तः = इष्टः	पुष् + तिः = पुष्टिः
आकृष् + तः = आकृष्टः	षष् + थः = षष्टः
सत् + टीकते = सट्टीकते	तत् + टंकारः = तट्टंकारः
उद् + डयनम् = उड्डयनम्	मत् + डमरूः = मड्डमरूः
चक्रिन् + ढौकसे = चक्रिण्ढौकसे	उत् + डीयते = उड्डीयते
द्रष् + ता = द्रष्टा	कृष् + नः = कृष्णः
हृष् + तः = हृष्टः	द्विट् + धिः = द्विट्ढिः
षट् + नाम् = षण्णाम्	षट् + नवतिः = षण्णवतिः

अपवाद – सन् + षष्ठः = सन्षष्ठः।

षट् + सन्तः = षट्सन्तः।

3 जश्त्वसन्धि (प्रथम अक्षर को तीसरा अक्षर)

नियम – झलां जशोऽते – पूर्व पद के अन्त में क्, च्, ट्, त्, प् हों और उसके परे कोई स्वर या वर्गों को तीसरा, चौथा, पांचवां अक्षर अथवा य, र, ल, व हो तो उन्हें क्रम से ग, ज्, ड्, द्, ब् (जश्) हो जाते हैं।

उदाहरण –

(i) क् को ग्

वाक् + ईशः = वागीशः	वाक् + आडम्बरम् = वागाडम्बरम्
दिक् + गजः = दिग्गजः	वाक् + जालम् = वाग्जालम्
दिक् + अम्बरः = दिगम्बरः	त्वक् + इन्द्रियः = त्वागिन्द्रियः
वाक् + दानम् = वाग्दानम्	वाक् + ईश्वरः = वागीश्वरः

(ii) च् को ज् –

अच् + आदिः = अजादिः
अच् + अन्तः = अजन्तः

(iii) ट् को ड् –

षट् + अनुजाः = षडनुजाः
सम्राट + अस्ति = सम्राडस्ति।
षट् + आननम् = षडाननम्
परिव्राट् + आगच्छति = परिव्राडागच्छति
षट् + जः = षड्जः
विराट् + गच्छति = विराडगच्छति

(iv) त् को ब्

जगत् + ईश्वरः = जगदीश्वरः
जगत् + धरः = जगद्धरः
सत् + आनन्द = सदानन्नदः
भगवत् + भक्तिः = भगवद् भक्तिः
सत् + धर्मः = सद्धर्मः
बृहत् + आरण्यकम् = बृहदारण्यकम्

(v) प् को ब्

अप् + जम् = अब्जम्।
सुप् + अन्तम् = सुबन्तम्

4 अनुनासिक–सन्धि (प्रथम अक्षर को पांचवां होना)

नियम–यरोऽनुनासिकेऽनुनासिको वा – यदि वर्ग के प्रथम अक्षर के बाद कोई अनुनासिक वर्ण (ङ्, ञ्, न्, म् पाँच वर्ण) हों तो पहले को पाँचवां वर्ण विकल्प से हो जाता है अन्यथा जश्त्व सन्धि होगी।

उदाहरण –

(i) दिक् + मुखम् = दिङ्मुखम् (दिग्मुखम्)
दिक् + नागः = दिङ्नागः (दिग्नागः)
उदक् + मुखः = उदङ्मुखः (उदग्मुखः)
प्राक् + मुखः = प्राङ्मुखः (प्राग्मुखः)
षट् + मासा = षण्मासाः (षड्मासाः)
एतत् + मुरारिः = एतन्मुरारिः (एतद्मुरारिः)
जगत् + नाथः = जगन्नाथः (जगद्नाथः)
अप् + मुनते = अम्मनुते (अब्मनुते)

नोट – इन विकारों में प्राय सानुनासिक प्रयोग ही प्रचलित है।

(ii) प्रत्येय भाषायां नित्यम् –
बाद में आने वाला अनुनासिक वर्ण यदि प्रत्यय का हो तो सानुनासिक सन्धि (पांचवां वर्ण) ही होगी वहां वैकल्पिक रूप (जशत्व सन्धि) नहीं होगी। जैसे –

वाक् + मयम् = वाङ्मयम्
एतत् + मात्रम् = एतन्मात्रम्
सुप् + मयम् = सुम्मयम्

5 चतुर्थ वर्ण को तृतीय वर्ण होना

नियम–झलां जश् झशि – दो महाप्राण वर्ण एक साथ नहीं रहते। अतः चौथे वर्ण के बाद पुनः किसी वर्ग का चौथा वर्ण आ जाए तो पहले वाला चौथा वर्ण अल्पप्राण अर्थात् तीसरा अक्षर हो जाता है।

उदाहरण –

क्रुध् + धः = क्रुद्धः	दुध् + धम् = दुग्धम्
दध् + धः = दग्धः	शुध् + धिः = शुद्धिः
बुध् + धिः = बुद्धिः	वृध् + धिः = वृद्धिः
युध् + धम् = युद्धम्	सिध् + धिः = सिद्धिः
लभ् + धः = लब्धः	क्षुभ् + धः = क्षुब्धः
आरभ् + धः = आरब्धः	प्रारभ् + धम् = प्रारब्धम्

6 चर्त्वसन्धि

(अघोषी भाव सन्धि) (वर्ग का प्रथम अक्षर क्, च्, ट्, त्, प्, होना)

नियम – खरि च – वर्ग के तीसरे, चौथे वर्ग को प्रथम अक्षर हो जाता है, यदि बाद में वर्ग का प्रथम, द्वितीय वर्ण तथा श्, ष्, स् हो।

उदाहरण –

(i) तीसरे को प्रथम वर्ण –

दिग् + पालः = दिक्पालः
विपद् + कालः = विपत्कालः
छेद् + ता = छेत्ता
सम्पद् + सु = सम्पत्सु
भेद् + स्यति = भेत्स्यति
सद् + कारः = सत्कारः

(ii) चौथे को प्रथम वर्ण –

ककुभ् + सु = ककुप्सु
योध् + स्यति = योत्स्यति
लभ् + स्यते = लप्स्यते
ककुभ् + प्रकाशते = ककुप्प्रकाशते

7 अनुस्वारसन्धि (म् / न् को अनुस्वार)

नियम – 1. मोऽनुस्वार – पद के अन्तिम म् का अनुस्वार (ं) हो जाता है यदि उससे परे कोई भी व्यंजन हो।

उदाहरण –

(i) म् को अनुस्वार –

रामम् + वन्दे = रामं वन्दे

मातरम् + नमतिः = मातरं नमति

धनम् + यच्छति = धनं यच्छति

ग्रामम् + गच्छति = ग्रामं गच्छति

सम् + हारः = संहारः

सम् + योगः = संयोगः

कथम् + वा = कथं वा

अपवाद – अपदान्त 'म्' में यह नियम लागू नहीं होता।

जैसे – गम्यते, नम्यते, शाम्यते आदि।

(ii) न् को अनुस्वार–नियम–नाश्चापदान्तस्य झलि – अपदान्त न् क बाद यदि अन्तःस्थ तथा अनुनासिक को छोड़कर कोई अन्य व्यंजन हो तो न् के स्थान पर अनुस्वार हो जाता है।

उदाहरण –

यशान् + सि = यशांसि

मन् + स्यते = मंस्यते

विद्वान् + सौ = विद्वांसौ

8 परसवर्णसन्धि (अनुस्वार को पांचवां वर्ण)

नियम–वा पदान्तस्य – यदि पदान्त 'म्' के बाद श्, ष्, स्, ह् को छोड़ कर कोई दूसरा व्यंजन (स्पर्श वर्ण) रहे ते म् को अनुस्वार के अतिरिक्त विकल्प से परसवर्ण (पांचवां अक्षर) भी हो जाता है।

उदाहरण –

ग्रामम् + गच्छति = ग्रामङ्गच्छति (ग्रामं गच्छति)

गृहम् + चल = गृहञ्चल (गृहं चल)

एताम् + टीकाम् = एताण्टीकाम् (एतां टीकाम्)

कीर्तिम् + तनोति = कीर्तिन्तनोति (कीर्तिं तनोति)

संस्कृत + पठति = संस्कृतम्पठति (संस्कृतं पठति)

घासम् + चरति = घासञ्चरति (घासं चरति)

(ii) नियम–अनुस्वार ययि परसवर्णः – अनुसार के बाद ष्, स्, ह्, य्, व्, र्, ल् को छोड़कर कोई भी व्यंजन (स्पर्श वर्ण) हो तो अनुस्वार को परसवर्ण (पिछले वर्ण का पांचवां अक्षर) हो जाता है।

उदाहरण –

सं + कल्पः = सङ्कल्पः

अं + कितः = अङ्कितः

अं + चितः = अञ्चितः

कुं + ठितः = कुण्ठितः

शां + तः = शान्तः

सं + तोषः = सन्तोषः

गुं + फितः = गुम्फितः

सं + पूर्णम् = सम्पूर्णम्

आक्रां + तः = आक्रान्तः

लं + घितः = लंघितः

नं + दितः = नन्दितः

जृं + भितः = जृम्भितः

9 लत्वसन्धि (तवर्ग को ल्)

नियम–तोर्लिः – तवर्ग के बाद ल् आये तो तवर्ग का ल् हो जाता है। किन्तु 'न्' के बाद 'ल्' आने पर सानुनासिक ल् (लँ) होता है।

उदाहरण –

तत् + लीनः = तल्लीनः

तत् + लयः = तल्लयः

महान् + लाभः = महांल्लाभः

विद्वन् + लिखित = विद्वांल्लिखति

10 छत्वसन्धि (श् को छ)

नियम–शश्छोऽटि – यदि तवर्ग से परे 'श्' हो तो, 'श्' को 'छ्' हो जाता है।

उदाहरण –

तत् + श्रुत्वा = तच्छ्रुत्वा

एतत् + शोभनम् = एतच्छोभनम्।

सत् + शास्त्रम् = सच्छास्त्रम्।

आगममूलक व्यंजनसन्धियाँ

कुछ व्यंजन संधियां ऐसी हैं जिनमें किसी अन्य व्यंजन का आगम हो जाता है। उसके बाद अन्य विकार भी हो जाते हैं। यहाँ केवल च् (तुक् आगम) आगम और रु (स्) आगम का ही उल्लेख किया जा सकता है।

11 च् (तुक्) आगमसन्धि

नियम–छे च –

(i) ह्रस्व स्वर से परे छ् हो तो दोनों के बीच में तुक् (त् = च्) का आगम हो जाता है। और त् से परे 'छ' होने के कारण 'त्' को 'च्' हो जाता है।

उदाहरण –

तरु + छाया = तरुच्छाया

अनु + छेदः = अनुच्छेदः

शिव + छाया = शिवच्छाया

परि + छेदः = परिच्छेदः

(ii) नियम पदान्ताद् वा –

यदि किसी पद के अन्त में दीर्घ स्वर हो और उससे परे 'छ्' हो तो दोनों के बीच च् (तुक्) का आगम विकल्प से हो जाता है।

उदाहरण –

लता + छाया = लताच्छाया (लता छाया)

लक्ष्मी + छाया = लक्ष्मीच्छाया (लक्ष्मी छाया)

12 रु (स) आगमसन्धि

(i) नियम–सम्पुंकानां सो वक्तव्यः

सम्, पुम् और कान् में स् (रु) का आगम हो जाता है तदनन्तर म् और न् को विकल्प से अनुस्वार और अनुनासिक हो जाते हैं।

उदाहरण –

सम् + कर्ता = सम् + स् + कर्त्ता = संस्कर्ता, सँस्कर्ता।

सम् + करोति = सम् + स् + करोति = संस्करोति, सँस्करोति।

पुम् + कोकिलः = पुम् + स् + कोकिलः = पुंस्कोकिलः, पुँस्करोकिलः

कान् + कान् = कान् + स् + कान् = कांस्कान्, काँस्कान्

(ii) नियम–नश्छव्यप्रशान

इसी प्रकार प्रदान्त 'न' से परे च्, छ्, ट्, ठ्, त्, थ् (छव्) परे होने पर स् का आगम हो जाता है।

उदाहरण –

कस्मिन् + चित् = कस्मिन् + स् + चित्

= कस्मिंस्चित् कस्मिंश्चित्, (स् = श्)

पिबन् + चलति = पिबन् + स् + चलति

= पिबंस्चलति, पिबंश्चलति (स् = श्)

भवान् + छात्रः = भवान् + स् + छात्रः

= भवांस्छात्रः, भवांश्छात्रः (स् = श्)

महान् + टंकार = महान् + स् + टंकारः

= महांस्टंकारः, महाष्टंकारः (स् – ष्)

चक्रिन् + त्रायस्व = चक्रिन् + स् + त्रायस्ब

= चक्रिंस्त्रायस्व, चक्रिंस्त्रायस्व (स् = स्)

13 अनुनासिक वर्णों की द्वित्वसन्धि (ङ्, ण्, न् को द्वित्व)

नियम–ङमोह्रस्वादचि ङमुण् नित्यम् – ह्रस्व वर्ण के बाद यदि ङ्, ण्, न्, (ङम्) हो और उसके बाद कोई स्वर हो तो क्रमशः ङ्, ण्, न् को द्वित्व हो जाता है।

उदाहरण –

तस्मिन् + एव = तस्मिन्नेव

हसन् + अपि = हसन्नपि

सन् + अच्युतः = सन्नच्युतः

सन् + अन्तः = सन्नन्तः

खादन् + इव = खादन्निव

प्रत्यङ् + आत्मा = प्रत्यङ्ङात्मा

सुगण् + ईशः = सुगण्णीशः

14 न् का लोप और पूर्व स्वर की दीर्घत्वसन्धि

नियम–ढ्रलोपे पूर्वस्य दीर्घोऽण – र् के बाद यदि र् हो तो पहले र् का लोप हो जाता है और उसके पूर्ववर्ती स्वर को दीर्घ हो जाता है।

उदाहरण –

निर् + रसः = नीरसः

पुनर् + रनते = पुनारमते

हरिर् + रम्यः = हरीरम्यः

निर् + रवः = नीरवः

हरिर् + रक्षित = हरीरक्षति

भानुर् + राजते = भानूराजते

अन्तर् + राष्ट्रियः = अन्ताराष्ट्रियः

स्वर् + राज्यम् = स्वाराज्यम्

गुरुर् + रमते = गुरूरमते।

अन्तर् + राज्यम् = अन्ताराज्यम्

15 पूर्वसवर्णसन्धि (ह् को चौथा वर्ण)

नियम–झयो होऽन्यतरस्यसाम्

वर्गो के प्रथम, द्वितीय, तृतीय या चौथे वर्ण (झय्) के बाद यदि 'ह' आए तो उसका पूर्व सवर्ण अर्थात् पूर्ववर्ती वर्ण का चौथा वर्ण (घ्, झ्, ढ्, ध्, भ्) होता है विकल्प से।

उदाहरण –

वाग् + हरिः = वाग्घरिः (वाग्हरिः)

पद् + हतिः = पद्धतिः (पद्हतिः)

उद् + हारः = उद्धारः (उद्हारः)

एतद् + हि = एतद्धि (एतद्हि)

तद् + हितम् = तद्धितम् (तद्हितम्)

16 णत्वसन्धि (न् को ण् होना)

(i) नियम–रषाणं नोणः समानपदे

यदि किसी पद के अन्दर ऋ, ॠ, र्, ष् इन चार वर्णों से परे 'न्' हो तो उस 'न्' को 'ण्' हो जाता है।

उदाहरण –

चतुर् + नाम् = चतुर्णाम्	उष् + नः = उष्णः
भ्रातृ + नाम् = भ्रातृणाम्	कर्तृ + नाम = कर्तृणाम्
कीर् + नः = कीर्णः	कृष् + नः = कृष्णः
तीर् + नः = तीर्णः	पूष् + नः = पूष्णः

(ii) नियम–अट्कुप्वां नुम् व्यवायेऽपि

यदि उपर्युक्त वर्णो (ऋ, र्, ष्) और न् के मध्य कोई स्वर कवर्ग, य, र्, व्, ह्, आए या नुम्, (अनुस्वार) का व्यवधान भी हो तो भी 'न्' को ण् हो जाता है।

उदाहरण –

स्वर व्यवधान होने पर – नराणाम्, महर्षिणा, गिरिणा

कवर्ग व्यवधान होने पर–तर्केण, मूर्खेण

पवर्ग व्यवधान होने पर–दर्भेण, दर्पेण, रामेण

य्, र्, व्, ह् व्यवधान होने पर–गृहेण, प्रायेण

नुम् (अनुस्वार) व्यवधान होने पर–बृंहणम्,

उपवाद–नपदान्तस्य

पद के अन्त में 'न्' का ण् नहीं होता। जैसे –

रामान्, पितॄन्, दर्पान्, आर्यान्, आदि।

अभ्यासार्थ प्रश्न

(लघूत्तरात्मक)

1. निम्नलिखित में सन्धि कीजिये –

इष् + तः
सत् + जनः
षट् + आननः
भवान् + लिखति
महत् + चिन्ता
तत् + लयः
प्रश् + नः
तद् + हविः
मत् + शत्रुः
शार्ङ्गिन् + जयः
शत्रून् + जयः
कस्मिन् + चन
महत् + चित्रम्
नखान् + छिनवत्ति
वाक् + मन्त्रणम्
लघु + छत्रम्
विद्वान् + टीकते
पयोमुक् + वर्षतिः
विद्वान् + शोभते
उत् + नाम्
पितृ + नाम्

राजन् + इह
गुरुम् + वन्दस्व
तस्मिन् + एव
तत् + लीन्
सत् + चित्
सत् + चित् + आनन्द
सत्यम् + वद
तत् + श्रुत्वा
गम् + तव्यम्
महत् + धनम्
जगत् + शान्तिः
पुम् + कोकिलः
विपद् + जालम्
षट् + मुखः
परि + छिन्नः
तत् + श्रृतम्
करान् + चालयति
दिक् + इयम्
सं + पूर्णम्
गिरि + ना

2. निम्नलिखित में सन्धिविच्छेद कीजिए –

उच्चारणम्
तच्छुत्वा
हसन्नुवाच
जगदीशः
दुष्टः
तच्छिवः
दिङ्नागः
वाङ्मयम्
स्रग्लोभः
दिग्पालः
वागीशः
उल्लेखः
नीरसः
सन्नच्युतः

सज्जनः
सच्चिदानन्दः
अजन्तः
मदिच्छा
जयद्रथः
द्रष्टा
जगन्नाथः
तल्लीनः
वृक्षच्छाया
उद्धारः
तट्टीका
ग्राममागच्छ
महांल्लाभः

3. शुद्ध करो –

महान्नन्धः	कुर्वन्नस्ति
गृहं एति	निराजनम्
तद्मयम्	योद्स्यति
विपत्जालम्	सिध्धिः

4. जशत्व और चर्त्व सन्धि उदाहरण पूर्वक बताओ।

5. व्यंजन सन्धि की परिभाषा स्पष्ट करें।

3. विसर्ग–सन्धि

लक्षण – विसर्ग (:) से परे स्वर अथवा व्यंजन होने पर विसर्ग का जो विकार (परिवर्तन) होता है उसे विसर्ग–सन्धि कहते हैं।

विसर्ग–सन्धि के भेद – विसर्ग–सन्धि के मुख्यतः पांच प्रकार हैं –

(i) विसर्ग के स्थान पर श्, ष्, स् होना।
(ii) विसर्ग के स्थान पर जिह्वामूलीय तथा उपध्मानीय होना।
(iii) विसर्ग के स्थान पर पूर्व स्वर (अ) सहित 'ओ' हो जाना।
(iv) विसर्ग का लोप हो जाना।
(v) विसर्ग का र् हो जाना।

टिप्पणी – इन पाँचों में पहली दो सन्धियों में विकार तब होता है जब विसर्ग से परे **अघोष वर्ण** (प्रत्येक वर्ग के पहले–दूसरे अक्षर तथा श्, ष्, स्, खर् प्रत्याहार) हों और बाद की तीन सन्धियों में विकार तब होता है तब विसर्ग से परे कोई स्वर या घोष अक्षर (शेष व्यंजन तथा सम्पूर्ण स्वर–अश् प्रत्याहार) हो।

अतः विसर्ग–सन्धि को प्रमुख रूप से दो विभागों में विभक्त किया जा सकता है–

(क) अघोषपरक विसर्ग–सन्धि।
(ख) घोषपरक विसर्ग–सन्धि।

(क) अघोष वर्णपरक विसर्ग सन्धि

1. सत्व–सन्धि

(विसर्ग (:) को श्, ष्, स)

नियम – (i) विसर्जनीयस्य सः – विसर्ग (:) के बाद च्, छ् होने पर विसर्ग का श्, ट्, ठ् होने पर ष् और त्, थ् होने पर स् हो जाता है।

उदाहरण –

(i) पूर्णः + चन्द्रः = पूर्णश्चन्द्रः
निः + चलः = निश्चलः
शिरः + छेदः = शिरश्छेदः
रामः + छेदः = रामश्चलति

देवः + छिनत्ति = देवश्छिनत्ति

गौः + चरति = गौश्चरति

गौरः + छात्रः = गौरश्छात्रः

धनुः + टङ्कारः = धनुष्टङ्कारः

छात्रः + टीकते = छात्रष्टीकते

चतुरः + ठक्कुरः = चतुष्ठक्कुरः

नमः + ते = नमस्ते

बालाः + तिष्ठन्ति = बालास्तिष्ठन्ति

मनुष्यः + तरति = मनुष्यस्तरति

शिवः + त्रायते = शिवस्त्रायते

मनः + तापः = मनस्तापः

इतः + ततः = इतस्ततः

यशः + तनोति = यशस्तनोति

(ii) विसर्ग को विकल्प से श्, ष्, स् होना

नियम–वा शरि – विसर्ग के बाद यदि श्, ष्, स् (शर्) आये ते विसर्ग को क्रमशः श्, ष्, स् या के बाद च्, छ् होने पर विसर्ग का श्, ट्, ठ् होने पर ष् और त्, थ् होने पर स् हो जाता है।

उदाहरण –

रामः + शेते = रामश्शेते, रामः शेते।

दुः + शासनः = दुश्शासनः, दुःशासन।

रामः + शयितः = रामश्शयितः, रामःशयित

रामः + षष्ठः = रमष्षष्ठः, रामःषष्ठः।

मत्तः + षट्पदः = मत्तष्षट्पदः, मत्तःषट्पटः।

निः + सन्देहः = निस्सन्देहः, निःसन्देहः।

प्रथमः + सर्गः = प्रथमस्सर्गः, प्रथमःसर्गः

कृष्णः + सर्पः = कृष्णस्सर्पः, कृष्णःसर्पः

(iii) विसर्ग को नित्य ष् –

नियम–इदुपधस्य चाप्रत्ययः – विसर्ग से पूर्व यदि इ या उ हो और बाद में क् ख् या प् फ् में से कोई वर्ण हो तो विसर्ग के स्थान में 'ष्' हो जाता है।

उदाहरण –

दुः + कर्म = दुष्कर्म

चतुः + पादः = चतुष्पादः

निः + कर्म = निष्कर्म

निः + फलः = निष्फलः

धनुः + पाणिः = धनुष्पाणिः

धनु + कपालम् = धनुष्कपालम्

आयुः + कामः = आयुष्कर्म

निः + प्रत्यूहम् = निष्प्रत्यूहम्

वहि + कृतम् = बहिष्कृतम्

चतुः + कपालः = चतुष्कपालः

चतुः + फलम् = चतुष्फलम्

सर्पिः + कुण्डिका = सर्पिष्कुण्डिका

निः + कामः = निष्कामः

दुः + कृतम् = दुष्कृतम्

चतुः + पथम् = चतुष्पथम्

(iv) विसर्ग को स् –

नियम–नमः पुरसोर्गत्यो – गति संज्ञक नमः और पुरः के बाद यदि क् ख् या प् फ् आए तो विसर्ग को 'स्' हो जाते हैं।

उदाहरण –

नमः + कारः = नमस्कारः।

पुरः + कारः = पुरस्कारः।

तिरः + कारः = तिरस्कारः

नमः + करोति = नमस्कारोति।

पुरः + करोति = पुरस्कारोति।

तिरः + करोति = तिरस्करोति।

2. विसर्ग को जिह्वामूलीय या उपध्मानीय सन्धि

नियम – विसर्ग के बाद क्–ख् हों तो विसर्ग को जिह्वामूलीय हो जाता है। यदि प्– फ् हों तो विसर्ग को उपध्मानीय हो जाता है। दोनों चिन्ह होता है। अथवा विसर्ग के स्थान पर विसर्ग रहता है।

उदाहरण –

देवः + करोति = देवः करोति।

देवः + खादति = देवः खादति।

रामः + पचति = रामः पचति।

वृक्षः + फलाति = वृक्षः फलति

(ii) घोषवर्णपरक विसर्ग सन्धि

3. उत्व सन्धि विसर्ग को ओ (अः = ओ)

नियम – (i) अतोरोप्लुतादप्लुते – विसर्ग से पहले यदि अ हो और बाद में भी अ हो तो विसर्ग का उ हो जाता है। इसके बाद गुणसन्धि तथा पूर्वरूपसन्धि हो जाती है।

उदाहरण –

बालः + गच्छति = बालो गच्छति

देवः + जयति = देवो जयति।

रामः + धावति = रोमो धावति।

नरः + बिभेति = नरो बिभेति।

कः + याति = को याति।

मनः + रथः = मनोरथः

सूर्यः + लीयते = सूर्यो लीयते।

नमः + वयम् = नमो वयम्।

शिवः + वन्द्यः = शिवो वन्द्यतः।

छात्रः + हसति = छात्रो हसति।

4. विसर्ग को र् (रुत्व) सन्धि

नियम – (i) यदि वसर्ग से पहले अ, आ को छोड़ कर कोई अन्य स्वर हो तथा विसर्ग से परे कोई स्वर या वर्ग का तीसरा, चौथा, पांचवां वर्ण, य्, र्, ल्, व्, ह (घोष व्यंजन) हो तो विसर्ग को 'र्' हो जाता है।

उदाहरण –

मुनिः + अयम् = मुनिरयम्।

कविः + आगच्छति = कविरागच्छति।

मातृः + इच्छा = मातृरिच्छा।

गुरुः + जयति = गुरुर्जयति।

हरिः + वदति = हरिर्वदति

साधोः + एषा = साधोरेषा।

तैः + उक्तम् = तैरुक्तम्।

(ii) मूलभूत 'र' के स्थान में होने वाले विसर्ग को अर्थात् जो विसर्ग 'रु' (रुत्व सन्धि) न हो वर्ग का तीसरा, चौथा, पांचवां अक्षर य्, र्, ल्, व् ह् होने पर फिर से 'र्' हो जाता है। इसे कुछ विसर्ग सन्धियों (उत्व सन्धि, र् लोप सन्धि) का अपवाद भी कहा जाता है।

उदाहरण –

प्रातः + अद्य = प्रातरद्य।

मातः + देहि = मातर्देहि।

पुनः + अयम् = पुनयरम्।

पितः + आयाहि = पितरायाहि

स्वः + गतः = स्वर्गतः।

पुनः + एहि = पुनरेहि।

5. विसर्गलोपसन्धि

नियम – (i) भी–भगो–अधो–अपूर्वस्य योऽशि – यदि भोः, भगोः, अधोः शब्दों के विसर्ग परे कोई स्वर या वर्ग का तीसरा, चौथा, पांचवां वर्ण, य् र् ल् व् ह् हो तो विसर्ग का लोप हो जाता है।

उदाहरण –

भोः + ईश = भो ईश।

भगोः + नमस्ते = भगो नमस्ते।

भोः + देवाः = भो देवाः।

अधोः + याहि = अधो याहि।

(ii) यदि विसर्ग से पहले ह्रस्व 'अ' हो और उससे परे भी ह्रस्व 'अ' को छोड़कर कर कोई अन्य स्वर हो तो विसर्ग का लोप हो जाता है।

उदाहरण –

अतः + एव = अत एव।

कः + एति = क एति।

देवः + उवाच = देव उचाव।

देवः + इह = देव इह।

नरः + इव = नर इव।

सूर्यः + उदेति = सूर्य उदेति।

एष :+ इच्छति = एष इच्छति।

सः + उवाच = स उवाच।

कुतः + आयातः = कुत आयातः।

कः + एषः = क एषः।

(iii) यदि विसर्ग से पूर्व 'आ' हो और उससे परे कोई भी स्वर या वर्ग का तीसरा, चौथा, पांचवां वर्ण, य्, र्, ल्, व्, ह् (घोष व्यंजन) हो तो भी विसर्ग का लोप हो जाता है।

उदाहरण –

देवाः + आगच्छन्ति = देवा आगच्छन्ति।

कन्याः + इच्छन्ति = कन्या इच्छन्ति।

देवाः + इह = देवा इह।

बालाः + ऊचुः = बाला ऊचुः।

नृपाः + अत्र = नृपा अत्र।

पवनाः + वहन्ति = पवना वहन्ति।

देवाः + रक्षन्ति = देवा रक्षन्ति।

शिष्याः + हसन्ति = शिष्या हसन्ति।

छात्राः + नमन्ति = छात्रा नमन्ति।

देवाः + जयन्ति = देवा जयन्ति।

मृगाः + धावन्ति = मृगा धावन्ति।

अध्यापकाः + वदन्ति = अध्यापका वदन्ति।

(iii) सः, एषः के विसर्ग का लोप –

नियम–एत्तदोः सुलोपोऽकोरनम् समासे हलि – यदि 'सः तथा एषः' इन शब्दों से परे ह्रस्व 'अ' को छोड़कर कोई भी स्वर या व्यंजन हो तो इनके विसर्ग का लोप हो जाता है।

उदाहरण –

सः + आगच्छति = स आगच्छति।

एषः + गच्छति = एष गच्छति।

सः + पठति = स पठति।

एषः + करोति = एष करोति।

सः + हरिः = स हरिः।

एषः + इच्छति = एष इच्छति।

सः + वदति = स वदति।

एषः + शेते = एष शेते।

1.4 अपनी प्रगति जांचिए

1 जिन शब्दों के अन्त में स्वर हो वे क्या कहलाते है ?

2 भ्वादि आदि दस गणों में क्रियावचन शब्द क्या कहलाता है ?

3 जिन धातुओं में ति, तः, अन्ति आदि प्रत्यय आते है वे कौन–सी धातु होती है ?

4 सन्धि मुख्यतः कितने प्रकार की होती है ?

5 'हितोपदेशः' शब्द का सन्धि विच्छेद क्या है ?

1.5 सारांश

प्रस्तुत इकाई में शब्दरूप, धातुरूप तथा सन्धि का विवेचन किया गया। पाठ्यक्रम में निम्नलिखित संज्ञा तथा सर्वनाम शब्दों के रूप निर्धारित है – राम, कवि, भानु, पितृ, लता, मति, नदी, धेनु, वधू, मातृ, फल, वारि, मधु, आत्मन्, दण्डिन्, वाच्, सरित्, सर्व, तद्, एतद्, यद्, किम्, इदम् (तीनों लिंगों में), अस्मद्, युस्मद्, एक, द्वि, त्रि, चतुर्, पंचन् (तीनों लिंगों में) तथा निम्नलिखित धातुरूप पाठ्यक्रम में निर्धारित है – परस्मैपदी – भू, पठ्, हस्, नम्, गम्,

अस्, हन्, क्रुध्, नश्, नृत्, अद्, इष्, पृच्छ्, चिन्त्; आत्मनेपदी – सेव्, लभ्, रुच्, मुद्, याच्; उभयपदी – कृ, नी, हृ, भज्, पच्।

शब्दरूप तथा धातुरूप का विवेचन करने के उपरान्त प्रस्तुत इकाई में सन्धि का विवेचन किया गया है। यहाँ स्पष्ट किया गया है कि ''कभी–कभी दो वर्णों के परस्पर संयोग या मेल से उनमें कुछ विकार उत्पन्न हो जाता है। यही विकार सन्धि का कारण बनता है अर्थात् दो वर्णों की अत्यन्त समीपता के कारण उनमें जो परिवर्तन होता है। उसे सन्धि कहते हैं।'' यदि स्वर का विकार होता है तो स्वर सन्धि, व्यंजन का विकार होता है तो व्यंजन सन्धि एवं विसर्ग का विकार होता है तो विसर्ग सन्धि। इस प्रकार सन्धि मुख्यतः तीन प्रकार की होती है।

1.6 मुख्य शब्दावली

- **हलन्त –** जिनके अन्त में कोई व्यंजन हो
- **अजन्त –** जिनके अन्त में कोई स्वर हो
- **तिङन्त –** धातुओं में तिङ् आदि जुड़ने के कारण उन्हें तिङन्त कहते हैं
- **आगम –** जहाँ वर्णों के बीच में एक नया वर्ण आ जाए
- **लोप –** जहाँ वर्णों में से एक लुप्त (लोप) हो जाए

1.7 अपनी प्रगति जांचिए के उत्तर

1 अजन्त
2 धातु
3 परस्मैपदी
4 तीन
5 हित + उपदेशः

1.8 अभ्यास हेतु प्रश्न

1 सन्धि के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए।
2 स्वर, व्यंजन तथा विसर्ग सन्धि का विवेचन कीजिए।
3 'राम' शब्द के सम्पूर्ण रूप लिखिए।
4 'पठ्' धातु के लट् तथा लृट् लकार में सम्पूर्ण रूप लिखिए।
5 'सेव' धातु के लङ् तथा विधिलिङ् लकार में सम्पूर्ण रूप लिखिए।

1.9 आप ये भी पढ़ सकते हैं

1 रूपचन्द्रिका – डॉ० सुखराम, परिमल पब्लिकेशन्स, दिल्ली।
2 लघुसिद्धान्तकौमुदीप्रकाशिका, व्याख्याकार – डॉ० जीतसिंह, चौखम्बा पब्लिशर्स, वाराणसी।
3 रचनानुवादकौमुदी – डॉ० कपिलदेव द्विवेदी, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी।
4 संस्कृत–हिन्दी कोश – वामन शिवराम आप्टे, रचना प्रकाशन, जयपुर।
5 अनुवाद–चन्द्रिका – चक्रधर नौटियाल 'हंस', मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली।

इकाई – 2

छन्द

इकाई की रूपरेखा

2.1 परिचय

2.2 इकाई के उद्देश्य

2.3 छन्द प्रकरणम्

2.4 अपनी प्रगति जांचिए

2.5 सारांश

2.6 मुख्य शब्दावली

2.7 अपनी प्रगति जांचिए के उत्तर

2.8 अभ्यास हेतु प्रश्न

2.9 आप ये भी पढ़ सकते हैं

2.1 परिचय

छन्दः शास्त्र के प्रवर्तक पिंगल ऋषि माने जाते हैं। छन्दः शास्त्र को वृत्तशास्त्र भी कहते हैं।

छन्द – जो रचना अक्षर, मात्रा, गति, यति आदि नियमों से युक्त होती है, उसे छन्द कहते हैं। पद्य लिखते समय अक्षरों की एक निश्चित व्यवस्था रखनी पड़ती है। यह व्यवस्था छन्द या वृत्त कहलाती है। छन्द का अर्थ है आच्छादन या आह्लादन, क्योंकि इसके द्वारा भाव या रस को आच्छादित किया जाता है अथवा पाठकों का आह्लादन (मनोरंजन) होता है।

छन्द (वृत्त) के भेद – प्रायः प्रत्येक श्लोक के चार खण्ड होते हैं, जो पाद या चरण कहे जाते हैं। जिस वृत्त के चारों पादों में समान अक्षर हों, वे समवृत्त कहलाते हैं। जिस के पहले और तीसरे तथा दूसरे और चौथे पाद अक्षरों की दृष्टि से समान हों, वे अर्ध समवृत्त कहलाते हैं। जिसके चारों पादों में अक्षरों की संख्या बराबर न हो, वे विषम वृत्त कहलाते हैं।

वर्ण या अक्षर – छन्दः शास्त्र की दृष्टि से केवल व्यंजन (क्, ख् आदि) अक्षर या वर्ण नहीं कहलाते। अकेला स्वर या व्यंजन सहित स्वर ही अक्षर कहलाता है। 'आ' 'का' और 'काम्' में छन्द शास्त्र की दृष्टि से एक ही अक्षर है, क्योंकि उनमें स्वर तो केवल एक 'आ' ही है। छन्द में अक्षर गिनते समय स्वर रहित व्यंजनों की ओर ध्यान नहीं दिया जाता है।

लघु गुरु – ह्रस्व अक्षरों (अ, इ, उ, ऋ, ऌ) को छन्द में लघु कहते हैं और दीर्घ अक्षरों (आ, ई, ऊ, ॠ, ॡ, ए, ऐ, ओ, औ) को गुरु कहते हैं। इस आधार पर 'क', 'कि' आदि लघु अक्षर है और 'का', 'की' आदि को गुरु अक्षर माना गया है। इसके अतिरिक्त निम्नलिखित अवस्था में भी गुरु अक्षर माना जाता है –

सानुस्वारस्थ दीर्घश्च विसर्गी च गुरुर्भवेत्।

वर्णः संयोगपूर्वश्च तथा पादान्तगोऽपिवा।।

अर्थात् अनुस्वारयुक्त, दीर्घ, विसर्गयुक्त और संयुक्त अक्षर से पहला अक्षर गुरु होता है। छन्द के बाद या चरण का अन्तिम अक्षर आवश्यकतानुसार लघु या गुरु दोनों माना जा सकता है। इस नियम के अनुसार 'कंस' में 'क' काल में 'का' दुःख में 'दु', और युक्त में 'यु' अक्षर गुरु हैं। गुरु का चिन्ह ऽ अथवा लघु चिन्ह (।) अथवा (–) है। गुरु को 'ग' तथा लघु का 'ल' कहा जाता है।

गण – छन्द शास्त्र में तीन–तीन अक्षरों के समूह को गण कहा गया है। ये गण आठ हैं – मगण, नगण, भगण, यगण, जगण, रगण, सगण और तगण। इन गणों के स्वरूप तथा उदाहरणों को अग्रलिखित तालिका से समझ लेना चाहिए।

गण	नाम	संक्षिप्त नाम	लक्षण	संकेत	उदाहरण
1.	मगण	म	तीनों अक्षर गुरु	ऽऽऽ	मान्धता
2.	नगण	न	तीनों अक्षर लघु	।।।	सरल
3.	भगण	भ	प्रथम अक्षर गुरु	ऽ।।	भोजन
4.	यगण	य	प्रथम अक्षर लघु	।ऽऽ	यशोदा
5.	जगण	ज	मध्यम अक्षर गुरु	।ऽ।	जवान
6.	रगण	र	मध्यम अक्षर लघु	ऽ।ऽ	राक्षसी
7.	सगण	स	अन्तिम अक्षर गुरु	।।ऽ	सविता
8.	तगण	त	अन्तिम अक्षर लघु	ऽऽ।	आकाश

गणों का स्वरूप स्मरण करने के लिए निम्नलिखित श्लोक सहायक है –

मस्त्रिगुरुः त्रिलघुश्च नकारो भादि गुरुः, पुनारदिर्लघुर्यः।

जो गुरुमध्यगतो रलमध्यः सोऽन्तगुरुः कथितोऽन्तलघुस्तः।।

अथवा

यमाताराजभानसलगाः – इस पंक्ति में अक्षरों के लघु और गुरु का जो क्रम है, वही गण का क्रम होगा। इस पंक्ति में सभी गणों का क्रम समाविष्ट है।

मात्रा – ह्रस्व या लघु अक्षर के उच्चारण में जितना समय लगता है, उसे एक मात्रा कहते हैं और दीर्घ या गुरु के उच्चारण काल को दो मात्राएं कहते हैं। अतः जब छन्दों में (मात्रिक छन्दों–जाति छन्दों में) मात्राओं की गिनती की जाती हैं, तब लघु की एक और गुरु अक्षर की दो मात्राएं गिनी जाती है। एक ही शब्द में अक्षरों और मात्राओं की संख्या समान हो सकती है और भिन्न–भिन्न भी। जैसे – 'कल' में दो अक्षर और दो ही मात्राएं। 'काल' में दो अक्षर और तीन मात्राएं हैं। 'काला' में दो अक्षर और चार मात्राएँ।

यति – छन्द के मध्य में विश्राम स्थल (अर्द्ध–विराम) को यति या विराम कहते हैं।

गति – छन्दों में अक्षरों या मात्राओं की नियत संख्या से भी काम नहीं चलता उसमें गति, लय या प्रवाह का ध्यान भी रखना पड़ता है। गति का अर्थ है – श्लोक का धारा प्रवाह में पढ़ा जाना।

छन्दों के अन्य भेद – छन्दों के मुख्य रूप से दो भेद हैं – वार्णिक छन्द और मात्रिक छन्द। वार्णिक छन्द को वृत्त तथा मात्रिक छन्द को जाति छन्द भी कहते हैं। वार्णिक छन्दों के चरणों में गुरु–लघु–क्रम। प्रायः समान होता है, परन्तु मात्रिक छन्दों में यह बन्धन नहीं होता। उक्त दोनों भेदों के तीन–तीन अवान्तर भेद भी होते हैं –

1 **सम–छन्द –** चारों चरणों में वर्ण या मात्राएं समान होती हैं।

2 **अर्ध–समछन्द –** प्रथम और तृतीय तथा द्वितीय और चतुर्थ चरणों में समान वर्ण समान मात्राएँ होती है।

3 **विषम छन्द –** प्रत्येक चरण में वर्णों की संख्या विषम होती है।

2.2 इकाई के उद्देश्य

- छन्द के स्वरूप से अवगत हो पाएंगे;
- छन्द के भेदों का विवेचन कर सकेंगे;
- पाठ्यक्रम में निर्धारित अनुष्टुप, आर्या, इन्द्रवज्रा आदि छन्दों के लक्षण तथा उदाहरणों का विश्लेषण कर सकेंगे;
- यति तथा गति की अवधारणा को समझ सकेंगे;
- लघु एवं गुरु का विश्लेषण कर सकेंगे।

2.3 छन्द प्रकरणम्

1. अनुष्टुप् (श्लोक) – (आठ अक्षरों वाला समवृत्त छन्द)

संस्कृत के छन्दों में यह सबसे अधिक प्रचलित छन्द है। मुख्यतः रामायण, महाभारत और पुराणादि में इसी छन्द का प्रयोग हुआ है। इसके प्रत्येक पाद (चरण) में आठ अक्षर होते हैं। इसे आठ अक्षरों वाला समृत्त छन्द भी कहा जा सकता है।

लक्षण – **श्लोके षष्ठं गुरुर्ज्ञेयं**
सर्वत्र लघु पंचमम्।
द्विचतुष्पादयोर्ह्रस्वं
सप्तमं दीर्घमन्ययोः।।

अर्थात् इस छन्द के चार चरण होते हैं। प्रत्येक चरण में आठ अक्षर होते हैं। कुल मिलाकर श्लोक में 32 अक्षर होते हैं। इसके प्रत्येक चरण में पांचवां वर्ण लघु होता है छठा गुरु होता है। द्वितीय तथा चतुर्थ चरणों का सातवां वर्ण लघु होता है। प्रथम तथा तृतीय चरणों का सातवां वर्ण गुरु। शेष वर्णों के गुरु तथा लघु विषयक कोई नियम नहीं होता।

उदाहरण – यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
। ऽ ऽ । ऽ ।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।
। ऽ ऽ । ऽ ।

अथवा

वागर्थाविव सम्पृक्तौ वागर्थप्रतिपत्तये
ऽ ऽ ऽ । । ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ।। ऽ। ऽ

जगतः पितरौ वन्दे पार्वती परमेश्वरौ।।
। । ऽ ।। ऽ ऽ ऽ ऽ । ऽ ।। ऽ। ऽ

अन्य उदाहरण –

उपमा कालिदासस्य भारवेरर्थगौरवम्।
दण्डिनः पदलालित्यं माघे सन्ति त्रयोगुणाः।।

अथवा

अतः परीक्ष्य कर्त्तव्यं विशेषात् संगतं रहः।
अज्ञात ह्रदयेष्वेवं वैरी भवति सौह्रदम्।

2. **इन्द्रवज्रा** – (त, त, ज, ग, ग, ग्यारह अक्षरों का समवृत्त)

लक्षण – स्यादिन्द्रवज्रा यदि तौ जगौ गः।

जिस छन्द के प्रत्येक पाद में दो तगण, एक जगण और दो गुरु इस वर्ण क्रम से 11 अक्षर हों, वह इन्द्रव्रजा कहलाता है।

उदाहरण –

त त ज ग ग

स्वर्गच्यु तानामि हजीव लो के

ऽ ऽ। ऽ ऽ। । ऽ। ऽ ऽ

चत्वारि चिन्हानि वसन्ति देहे।

दानं प्रसंगो मधुरा च वाणी

देवार्चनं पण्डिततर्पणंच।।

अन्य उदाहरण –

अर्थोहि कन्या परकीय एव

तामद्य सम्प्रेष्य परिग्रहीतुः।

जातो ममायं विशदः प्रकामं

प्रत्यर्पितन्यास इवान्तरात्मा।।

3. **उपेन्द्रवज्रा** – (ज, त, ज, ग, ग, ग्यारह अक्षरों का समवृत्त)

लक्षण – उपेन्द्रवज्रा जतजाः ततो गौ।

जिसके प्रत्येक पाद में क्रमशः एक जगण, एक तगण, एक जगण और दो गुरु इस क्रम से 11 अक्षर होते हैं, वह छन्द उपेन्द्रवज्रा कहलाता है।

उदाहरण –

ज त ज ग ग

त्वमेव माता च पिता त्वमेव

। ऽ। ऽ ऽ । । ऽ । ऽऽ

त्वमेव बन्धुश्च सखा त्वमेव।

त्वमेव विद्या द्रविणं त्वमेव

त्वमेव सर्वं मम देव देव।।

अन्य उदाहरण –

पिता सखायो गुरवः स्त्रियश्च

न निर्गुणानां हि भवन्ति लोके।

अनन्य भक्ताः प्रियवादिनश्च

हिताश्च वश्याश्च भवन्ति राजन्।।

4. उपजाति – (ग्यारह अक्षरों वाला समवृत्त)

लक्षण – अनन्तरोदीरित लक्ष्म भाजौ

पादौ यदीयावुपजातयस्ताः।

इत्थं किलान्यास्वपि मिश्रितासु

वदन्ति जातिष्विदमेव नाम।।

अर्थात् इससे पूर्व कहे गए इन्द्रवज्रा और उपेन्द्रवज्रा के चिन्हों को धारण करने वाले जिनके दो–दो चरण हों अर्थात् जिस पद्य के पादों में इन्द्रवज्रा और उपेन्द्रवज्रा छन्दों का मिश्रण हो और प्रत्येक पाद में 11 अक्षर हों उसे उपजाति कहते हैं। यह आवश्यक नहीं है कि छन्दों का मिश्रण बराबर–बराबर हो। यह भी सम्भव है कि एक पद्य में उक्त दोनों छन्दों के दो–दो पाद हों अथवा यह भी सम्भव है कि चारों चरणों में से एक में इन्द्रवज्रा छन्द हो और शेष तीन चरणों में उससे भिन्न छन्द हों। इन्द्रवज्रा और उपेन्द्रवज्रा के अतिरिक्त अन्य छन्दों के मिश्रण होने पर भी, उस छन्द को भी उपजाति ही कहते हैं।

इस प्रकार इसके दो भेद हो जाते हैं – 1. अर्द्ध–सम उपजाति – जिसके किन्हीं दो चरणों में इन्द्रवज्रा तथा दो चरणों में उपेन्द्रवज्रा छन्द हों। विषम उपजाति – इसमें उक्त दोनों छन्दों में किसी एक का एक चरण हो और शेष में तीन चरण उससे भिन्न के हों।

(i) **उदाहरण –** (अर्द्ध–समवृत्त उपजाति)

तगण तगण जगण गुरु गुरु = इन्द्रवज्रा

एकात पत्रं जगतः प्रभुत्वं

ऽ ऽ । ऽ ऽ ।। ऽ । ऽऽ

जगण तगण जगण गुरु–गुरु = उपेन्द्रवज्रा

नवं वयः कान्तमिदं वपुश्च।

। ऽ । ऽ ऽ ।। ऽ । ऽ ऽ

अल्पस्य हेतोः बहुहातुमिच्छन्।

विचारमूढः प्रतिभासि मे त्वम्।।

इसमें दो चरणों (प्रथम तथा तृतीय) का छन्द इन्द्रवज्रा है। शेष दो (दूसरा तथा चौथा) चरणों का उपेन्द्रवज्रा है। अतः यह अर्द्ध–समवृत्त उपजाति छन्द है।

(ii) **उदाहरण –** (विषमवृत्त उपजाति)

जगण तगण जगण दो गुरु = उपेन्द्रवज्रा

क्षतात् किल त्रायत इत्युदग्रः

। ऽ । ऽ ऽ ।। ऽ ।ऽऽ

क्षत्रस्य शब्दः भुवनेषु रुढ़ः।

राज्येन किं तद् विपरीतवृत्तेः = इन्द्रवज्रा

प्राणैरुपक्रोशमलीमसैर्वा।

इस पद्य के प्रथम चरण में उपेन्द्रवज्रा **(जतजास्ततो गौ)** छन्द है। शेष तीन चरणों में इन्द्रवज्रा **(यदि तौ जगौ गः)** छन्द है। अतः एक समान मिश्रण न होने के कारण यहां विषमवृत्त उपजाति छन्द है।

(iii) **उदाहरण – सम उपजाति**

अस्त्युत्तरस्यां दिशि देवात्मा = इन्द्रवज्रा

हिमालयो नाम नगाधिराजः = उपेन्द्रवज्रा

5. वंशस्थ – (12 अक्षरों वाला समवृत्त) (ज, त, ज, र)

लक्षण – जतौ तु वंशस्थमुदीरितं जरौ

अर्थात् वंशस्थ छन्द के प्रत्येक पाद के जगण, तगण, जगण और रगण के क्रम से बारह अक्षर होते हैं।

उदाहरण –

जगण तगण जगण रगण

। ऽ। ऽऽ। । ऽ। ऽ।ऽ

भवन्ति नम्रास्तरवः फलोद्गमैः

नवाम्बुभिर्भुमिविलम्बिनो घनाः।

अनुद्धताः सत्पुरुषाः समृद्धिभिः

स्वभाव एवैष परोपकारिणाम्।।

अन्य उदाहरण –

उदेति पूर्व कुसुमं ततः फलम्

घनोदयः प्राक् तदनन्तरं पयः।

निमित्त नैमित्तिकयोरयं क्रम

स्तव प्रसादस्य पुरस्तु सम्पदः।।

6. **वसन्ततिलका –** (चौदह अक्षरों वाला समवृत्त छन्द) (त, भ, ज, ज, ग, ग)

लक्षण – उक्ता वसन्ततिलका तभजाजगौ गः।

वसन्ततिलका छन्द के प्रत्येक पाद में तगण, भगण, जगण, जगण और दो गुरु के क्रम से 14 वर्ण होते हैं।

उदाहरण –

त भ ज ज ग ग

पापान्निवारयति योजयते हिताय

ऽ ऽ । ऽ ।। । ऽ । । ऽ । ऽ ऽ

गुह्यान्निगूहति गुणान् प्रकटीकरोति।

आपद्गत च न जहाति ददाति काले

सन्मित्रलक्षणमिदं प्रवदन्ति सन्तः।।

उदाहरण –

जाड्यं धियो हरति सिंचति वाचि सत्यम्

ऽ ऽ । ऽ । । । ऽ । । ऽ । ऽऽ

तगण भगण जगण जगण गुरु गुरु

मानोन्नतिं दिशति पापमपाकरोति।

चेतः प्रसादयति दिक्षु तनोति कीर्तिम्

सत्संगतिः कथ किं न करोति पुंसाम्।।

7. **मालिनी –** (15 अक्षरों वाला समवृत्त) (न, न, म, य, य)

लक्षण – ननमयययुतेयं मालिनी भोगिलोकैः।

मालिनी के प्रत्येक चरण में नगण, नगण, मगण, यगण, यगण के क्रम से 15 अक्षर होते हैं। इसमें आठ और सात वर्णो के पश्चात् यति होती है।

नोट – भोगी (सांप) द्विजिहव्रः आदि नाम भेद से आठ प्रकार का होता है।

लोक–सात लोक हैं।

अतः यहां भोगी 8 अक्षरों का तथा लोक सात अक्षरों का प्रतीक है।

उदाहरण –

न न म य य

जयतु जयतु देशः सर्वतन्त्रस्वतन्त्रः

। । । । । । ऽ ऽ ऽ । ऽ ऽ । ऽ ऽ

प्रतिदिनमिह वृद्धिं यातु देशस्य रागः।

वज्रतु पुनरयं नो दासता मन्यदीयाम्

भवतु धनसमृद्धिः सर्वतो भावसिद्धिः।।

अन्य उदाहरण –

नगण नगण मगण यगण यगण

मनसि वचसि काये पुण्यपीयूष पूर्णा

। । । । । । ऽ ऽ ऽ । ऽ ऽ । ऽ ऽ

स्त्रिभुवनमुपकार–श्रेणिभिःप्राणीयन्तः।

परगुणपरमाणून् पर्वतीकृत्य नित्यं

निजहृदि विकसन्तः सन्ति सन्तः किन्तः।।

अन्य उदाहरण –

सरसिजमनुविद्धं शैवलेनापि रम्यं

मलिनमपि हिमांशो र्लक्ष्म लक्ष्मीं तनोति।

इयमधिकमनौज्ञा वल्कलेनापि तन्वी

किमिह कि मधुराणां मण्डनं नाकृतीनाम्।।

8. शिखरिणी – (17 अक्षरों वाला समवृत्त) (य, म, न, स, भ, ल, ग)

लक्षण – रसैःरुद्रैश्छिन्ना यमनसभलागः शिखरिणी

जब छन्द के प्रत्येक चरण में यगण, मगण, नगण, सगण, भगण और लघु गुरु के क्रम से 17 अक्षर हों तो उसे शिखरिणी कहते हैं। इसमें 6 तथा 11 वर्णों अनन्तर यति होती है। (रस = 6 और रुद्र = 11)

उदाहरण –

य म न स भ ल ग

अनाघ्रातं पुष्पं किसलयमलूनं कररुहै

। ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ । । । । । ऽ ऽ । । । ऽ

रनाविद्धं रत्नं मधु नवमनास्वादितरसम् !

अखण्डं पुण्यानां फलमिह च तद्रूपमनघम्।

न जाने भोक्तारं कमिह समुहस्थास्यति विधिः।।

अन्य उदाहरण –

यगण मगण नगण सगण भगण लघु गुरु

यदा किंचिज्ज्ञोहं गज इव मदान्धः समभवम्

। ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ। । । ।। ऽ ऽ । । । ऽ

तदा सर्वज्ञोस्मीत्यभवद्वलिप्तं मम मनः।

यदा किंचित् किंचिद्बुधजन सकाशादवगतम्

तदा मूर्खोस्मीति ज्वर इव मदो मे व्यपगतः।।

अन्य उदाहरण –

करे श्लाघ्यस्त्यागः शिरसि गुरुपादप्रणयिता

मुखे सत्या वाणी विजयि भुजयोः वीर्यमतुलम्।

हृदि स्वच्छा वृत्तिः श्रुतमधिगतंच श्रवणयो–

र्विनाप्यैश्वर्येण प्रकृतिमहतां मण्डनमिदम्।।

9. **शार्दूलविक्रीडितम्** – (उन्नीस अक्षरों वाला समवृत्त) (म, स, ज, स, त, त, ग)

लक्षण – सूर्याश्वैर्यदि मः स जौ सततगाः शार्दूलविक्रीडितम्।

जिस छन्द के प्रत्येक चरण में मगण, सगण, जगण, सगण, तगण, तगण और गुरु के क्रम से 19 वर्ण होते हैं। इसमें 12 और 7 वर्णों के बाद यदि होती है। (सूर्य – 12 और अश्व 7 का प्रतीक है)

उदाहरण –

म स ज स त त ग

पातुं न प्रथमंव्यवस्यति जलं युष्मास्वपीतेषु

ऽ ऽ ऽ । । ऽ । ऽ।। । ऽ ऽ ऽ ।ऽ ऽ। ऽ

नादत्ते प्रियमण्डनापि भवतां स्नेहेन या पल्लवम्।

आद्ये वः कुसुम प्रवृत्ति समये यस्या भवत्युत्सवः

सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं सर्वैरनुज्ञायताम्।।

अन्य उदाहरण –

यास्यत्यद्य शकुन्तलेति हृदयं संस्पृष्टमुत्कण्ठया

कण्ठः स्तम्भितवाष्प वृत्तिकलुषश्चिन्ताजडं दर्शनम्।

वैक्लव्यं मम तावदीदृशमिदं स्नेहादरण्योकसः

पीड्यन्ते गृहिणः कथं नु तनयाविश्लेषदुःखैर्नवैः।।

10. आर्या –

लक्षण – यस्याः प्रथमेपादे द्वादशमात्राः तथा तृतीयेऽपि।

अष्टदशा द्वितीये चतुर्थके पंचदश साऽऽर्या।।

अर्थात् जिसके प्रथम तथा तृतीय पाद में बारह–बारह (12–12) मात्राएँ हों और दूसरे पाद में अठारह (18) मात्राएँ तथा चौदे पाद में पन्द्रह (15) मात्राएं हों उसे आर्या छन्द कहते हैं। आर्या छन्द अनुष्टप् की भांति जाति या मात्रिक छन्द है। क्योंकि इसमें गण के द्वारा छन्द का नियंत्रण न होकर मात्राओं द्वारा होता है।

उदाहरण –

अज्ञः सुखमाराध्यः सुखतरमाराध्यते विशेषज्ञः।

ऽ ऽ। । ऽ ऽ ऽ ।।।। ऽ ऽ। ऽ ।ऽ ऽ ऽ

12 18

ज्ञानलव दुर्विदग्धं, ब्रह्मपि नरं न रंजयति।।

ऽ ।।। ऽ। ऽ ऽ ऽ ऽ।। ऽ। ऽ।। ऽ

12 15

अन्य उदाहरण –

आपरितोषाद् विदुषां, न साधु मन्ये प्रयोग विज्ञानम्।

बलवदपि शिक्षितानामात्मन्यप्रत्ययं चेतः।।

अन्य उदाहरण –

अधरः किसलयरागः कोमल विटपानुकारिणी बाहू।

कुसुममिव लोभनीयं यौवनमंगेषु सन्नद्धम्।।

11. भुजंगप्रयातम् –

लक्षण – भुजंगप्रयातं चतुर्भिर्यकारैः।

अर्थात् भुजंग प्रयात में चार यगण के क्रम से 12 वर्ण होते हैं। इसमें छः वर्णों के पश्चात् यति (विराम) होती है। इस छन्द की ध्वनि भुजंग (सांप) की चाल के समान उतार–चढ़ाव युक्त होती हैं।

उदाहरण –

य य य य

धनै र्निष्कुलीनाः कुलीना भवन्ति

। ऽ ऽ । ऽ ऽ । ऽऽ । ऽ ऽ

धनैरापदं मानवाः निस्तरन्ति।

धनेभ्यः परो बान्धवो नास्ति लोके

धनान्यर्जयध्वं धनान्यर्जयध्वम्।।

अन्य उदाहरण –

सदारात्मजज्ञातिभृत्यो विहाय
स्वमेतं ह्रदं जीवनं लिप्समानः।
मया क्लेशितः कालियेत्थं कुरु त्वं
भुजंग प्रयातं द्रुतं सागराय।

अन्य उदाहरण –

सदारात्मजज्ञातिभृत्यो विहाय
स्वमेतं ह्रदं जीवनं लिप्समानः।
माया क्लेखितः कालियेत्थं कुरु त्वं
भुजंग प्रयातं द्रुतं सागराय।

12. मन्दाक्रान्ता –

लक्षण – मन्दाक्रान्ताम्बुधिरसनगैर्मो भनौ तौ गयुग्मम्।।

अर्थात् मन्दाक्रान्ता के प्रत्येक पाद में मगण, भगण, नगण दो तगण और दो गुरु क्रम से 17 अक्षर होते हैं। इसमें चार, छः सात वर्णों के बाद यदि होती है।

जलधि = 4, रस = 6, नग (नग) = 7 इन अक्षरों पर यति होती है।

उदाहरण –

म भ न त त गग
मौनान्मूकः प्रवचन पटु र्वार्तुलो जल्पको वा
ऽ ऽ ऽ ऽ।।।।। ऽ ऽ । ऽ ऽ । ऽ ऽ
धृष्टः पार्श्वे भवति च वसन्दूरतोऽप्यप्रगल्भः।
क्षान्त्या भीरुर्यदि न सहसे प्रायशो नाभिजातः
सेवाधर्मः परमगहनो योगिनामप्यगम्यः।।

अन्य उदाहरण –

नैतच्चित्रं यदयमुदधिश्यामसीमां धरित्री
मेकः कृत्स्नां नगरपरिघप्रांशु बाहु र्भुनक्ति।
आशंसन्ते समितिषु सुरा बद्धवैरा हि दैत्यै
रस्याधिज्ये धनुषि विजयं पौरुहूते च वज्रे।।

13. स्रग्धरा –

यह इक्कीस वर्णों का समवृत्त छन्द है। इसमें प्रत्येक सात वर्णों के पश्चात् अर्थात् सातवें, चौदहवें और इक्कीसवें अक्षरों पर यति होती है।

लक्षण – "म्रभ्नैर्यानां त्रयेण त्रिमुनियतियुता स्रग्धरा कीर्तितेयम्।"

अर्थात् जिसमें क्रमशः मगण, रगण, भगण, नगण, तीन यगण हों तथा तीन बार मुनि अर्थात् (सात, सात, सात) वर्णों के बाद यति हो, स्रग्धरा छन्द कहते हैं।

ऽ ऽऽ ऽ।ऽऽ।।।।।।ऽऽ।ऽऽ।ऽऽ

या स्रष्टुः सृष्टिराद्या वहति विधिहुतं या हवि र्या च होत्री

म र भ न य य य

ये द्वे कालं विधत्तः श्रुतिविषय गुणा या स्थिता विश्व व्याप्यम्।

यामाहुः सर्वबीज प्रकृतिरिति यया प्राणिनः प्राणवन्तः

प्रत्यक्षाभिः प्रसन्नस्तनुभिरवतु वस्ताभिरष्टाभिरीशः।।

2.4 अपनी प्रगति जांचिए

1 जो रचना अक्षर, मात्रा, गति, यति आदि नियमों से युक्त होती है, उसे क्या कहते हैं ?

2 छन्द–शास्त्र के प्रवर्तक कौन माने जाते हैं ?

3 छन्द–शास्त्र का अन्य नाम क्या है ?

4 छन्द के मध्य में विश्राम स्थल (अर्द्ध–विराम) को क्या कहते हैं ?

5 छन्द–शास्त्र में तीन–तीन अक्षरों के समूह को क्या कहते हैं ?

2.5 सारांश

जो रचना अक्षर, मात्रा, गति, यति आदि नियमों से युक्त होती है उसे छन्द कहते हैं। छन्दों के मुख्य रूप से दो भेद हैं – वर्णिक छन्द और मात्रिक छन्द। वर्णिक छन्द को वृत्त तथा मात्रिक छन्द को जाति छन्द भी कहते हैं। वर्णिक छन्दों के चरणों में गुरु–लघु–क्रम प्रायः समान होता है, परन्तु मात्रिक छन्दों में यह बन्धन नहीं होता। इस प्रकार प्रस्तुत इकाई में छन्द के स्वरूप उसके भेद तथा प्रमुख 12 छन्दों का विवेचन किया गया। वह प्रमुख छन्द निम्नलिखित है – अनुष्टुप्, आर्या, इन्द्रवज्रा, उपेन्द्रवज्रा, उपजाति, मालिनी, स्रग्धरा, वंशस्थ, शिखरिणी, मन्दाकान्ता, वसन्ततिलका तथा शार्दूलविक्रीडितम्। उपर्युक्त छन्दों के लक्षण तथा उदाहरणों द्वारा इनका विवेचन किया गया है।

2.6 मुख्य शब्दावली

- **छन्द –** जो रचना अक्षर, मात्रा, गति, यति आदि नियमों से युक्त हो।
- **गण –** छन्द–शास्त्र में तीन–तीन अक्षरों के समूह
- **यति –** छन्द के मध्य में विश्राम स्थल (अर्द्ध–विराम)
- **गति –** श्लोक का धारा प्रवाह में पढ़ा जाना
- **सम–छन्द –** चारों चरणों में वर्ण या मात्राएं समान होती हैं।

2.7 अपनी प्रगति जांचिए के उत्तर

1 छन्द

2 पिंगल ऋषि

3 वृत्तशास्त्र

4 यति या विराम

5 गण

2.8 अभ्यास हेतु प्रश्न

1 छन्द के स्वरूप का विश्लेषण कीजिए।

2 छन्द के भेदों का विवेचन कीजिए।

3 यति तथा गति की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए।

4 मन्दाकान्ता तथा अनुष्टुप छन्दों के लक्षण तथा उदाहरणों का विश्लेषण कीजिए।

5 सम–छन्द, अर्थ–समछन्द तथा विषम छन्द का विवेचन कीजिए।

2.9 आप ये भी पढ़ सकते हैं

1 छन्दोऽलंकाराः–डॉ० त्रिलोकीनाथ द्विवेदी, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी।

2 संस्कृत छन्द प्रवेशिका – रवि कुमार मीना, सुभाष चन्द्र

3 संस्कृत व्याकरण एवं छन्दोज्ञान – रमेश चन्द्र, रचना प्रकाशन, जयपुर

4 संस्कृत काव्य शास्त्र एवं काव्यांग (रस, अलंकार, छन्द) – डॉ० प्रीतिप्रभा गोयल, राजस्थानी ग्रन्थागार, जोधपुर

5 छन्दःशास्त्रम् – श्री पिंगल ऋषि, निर्णय सागर प्रकाशन, मुंबई

इकाई – 3

कण्ठस्थश्लोकाः

इकाई की रूपरेखा

3.1 परिचय

3.2 इकाई के उद्देश्य

3.3 कण्ठस्थश्लोकाः

3.4 अपनी प्रगति जांचिए

3.5 सारांश

3.6 मुख्य शब्दावली

3.7 अपनी प्रगति जांचिए के उत्तर

3.8 अभ्यास हेतु प्रश्न

3.9 आप ये भी पढ़ सकते हैं

3.1 परिचय

प्रस्तुत इकाई के माध्यम से विद्यार्थियों में श्लोकों को अर्थ सहित कण्ठस्थ करने की प्रवृत्ति को जागृत किया जाएगा तथा उनमें श्लोकों को शुद्ध लिखने की परम्परा को भी विकसित किया जाएगा। श्लोकों को यति–गति के साथ तथा सस्वर गायन का अभ्यास करवाया जाएगा। जिससे वे श्लोकोच्चारण कला में प्रवीण हो सकेंगे।

3.2 इकाई के उद्देश्य

- संस्कृत श्लोकों को कण्ठस्थ कर पाएंगे;
- श्लोकों का यति, गति के अनुसार सस्वर उच्चारण कर पाएंगे;
- श्लोकोच्चारण कला में प्रवीण हो सकेंगे;
- आपस में तथा समाज में संस्कृत भाषा तथा श्लोकों का व्यवहार कर सकेंगे।

3.3 कण्ठस्थश्लोकाः

नमूने के तौर पर परीक्षा में कोई चार लिखे।

1. यां मेधां देवगणाः पितरश्चोपासते।
तया मामद्य मेधयाऽग्ने मेधाविनं कुरु।।

2. त्वमेव माता च पिता त्वमेव
त्वमेव बन्धुश्च सखा त्वमेव।
त्वमेव विद्या द्रविणं त्वमेव।
त्वमेव सर्वं मम देवदेव।।

3. अज्ञः सुखमाराध्यः सुखतरमाराध्यते विशेषज्ञः।
ज्ञानलवदुर्विदग्धं ब्रह्मापि नरं न रंचयति।।

4. येषां न विद्या न तपो न दानम्
ज्ञानं न शीलं न गुणो न धर्मः।
ते मर्त्यलोके भूवि भारभूता
मनुष्यरूपेण मृगाश्चरन्ति।।

5. माता शत्रुः पिता वैंरी येन बालो न पाठितः।
न शोभते सभामध्ये हंसमध्ये बको यथा।।

6. काकः कृष्णः पिकः कृष्णः को भेदः पिककाकयोः।
वसन्तसमये प्राप्ते काकः काकः पिकःपिकः।।

7. यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

8. धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे समवेताः युयुत्सवः।
मामकाः पाण्डवाश्चैव किमकुर्वत संजय।।

9. वासांसि जीर्णानि यथा विहाय
नवानि गृह्णाति नरोऽपराणि।
तथा शरीराणि विहाय जीर्णा –
न्यन्यानि संयाति नवानि देही।।

10. नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।

11. आचारः परमो धर्मः आचारः परमं तपः।
आचार परमं ज्ञानं, आचारात् किं न साध्यते।।

12. विद्वत्वं च नृपत्वं च नैव तुल्यं कदाचन।
स्वदेशे पूज्यते राजा विद्वान् सर्वत्र पूज्यते।।

13. न तु मां शक्यसे द्रष्टुमनेनैव स्वचक्षुषा।
दिव्यं ददामि ते चक्षुः पश्य में योगमेश्वरम्।।

14. कालोऽस्मि लोकक्षयकृत्प्रवृद्धो लोकान्समाहर्तृमिह प्रवृतः।
ऋते पित्वां न भविष्यन्ति सर्वे ये वस्थिताः प्रत्यनीकेषु योधाः।।

15. न वेदयज्ञाध्यनैर्न च क्रियाभिर्न तपोभिरुग्रैः।
एवं रूपः शक्य अहं नृलोके द्रष्टु। त्वदन्येन कुरुद्रवीर।।

16. स्थाने हृषीकेश तव प्रकीर्त्या जगत्प्रहृत्यनुरज्यते च।
रक्षासि भीतानि दिशो द्रवन्ति सर्वे नमस्यन्ति च सिद्धसंधा।।

17. न जायते म्रियते वा कदाचि–
न्नायं भूत्वा भविता वा न भूयः।
अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो–
न हन्यते हन्यमाने शरीरे।।

18. जातस्य हि ध्रुवो मृत्युर्ध्रुवं जन्म मृतस्य च।
तस्मादपरिहार्येऽर्थे न त्वं शोचितुमर्हसि।।

19. हतो वा प्राप्स्यसि स्वर्गं जित्वा वा भोक्ष्यसे महीम्।
तस्मादुत्तिष्ठ कौन्तेय युद्धाय कृतनिश्चयः।।

20. सुखदुःखे समे कृत्वा लाभालाभौ जयाजयौ।
ततो युद्धाय युज्यस्व नैवं पापमवाप्स्यसि।।

21. कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि।।

22. योगस्थः कुरु कर्माणि संगंत्यक्त्वा धनंजय।
सिद्धयसिद्धयोः समो भूत्वा समत्वं योग उच्यते।।

23. यततो ह्यपि कौन्तेय पुरुषस्य विपश्चितः।
इन्द्रियाणि प्रमाथीनि हरन्ति प्रसभं मनः।।

24. क्रोधाद्भवति सम्मोहः सम्मोहात्स्मृतिविभ्रमः।
स्मृतिभ्रंशाद् बुद्धिनाशो बुद्धिनाशात्प्रणश्यति।।

25. इन्द्रियाणां हि चरतां यन्मतोऽनुविधीयते।
तदस्य हरति प्रज्ञां वायुर्नावमिवाम्भसि।।

26. या निशा सर्वभूतानां तस्यां जागर्ति संयमी।
यस्यां जाग्रति भूतानि सा निशा पश्यतो मुनेः।।

27. असंशयं महाबाहो मनो दुर्निग्रहं चलम्
अभ्यासेन तु कौन्तेय वैराग्येण च गृह्यते।।

28. कः कस्य पुरुषो बन्धु किमाप्यं कस्य केनचित्।
एको हि जायते जन्तुरेक एव विनश्यति।।

29. विद्यानाम नरस्य रूपमधिंक प्रच्छन्नगुप्तं धनं,
विद्या भोगकरी यशः सुखकरी विद्या गुरुणां गुरुः।
विद्या बन्धुजनो विदेशगमने विद्या परा देवता,
विद्या राजसु पूज्यते न तु धनं विद्या विहीनः पशु।।

30. गुणानामेव दौरात्म्यात् धुरि धुर्यो नियुज्यते।
असंजातकिणस्कन्धः सुखं स्वपिति गौर्गलिः।।

31. दानं भोगो नाशस्तिस्रो गतयो भवन्ति वित्तस्य।
यो न ददाति न भुंक्ते, तस्य तृतीया गतिर्भवति।।

32. अज्ञः सुखमाराध्यः सुखतरमाराध्यते विशेषज्ञः।
ज्ञानलवदुर्विढग्धं ब्रह्माऽपि नरं न रंजयति।।

33. वरं पर्वतदुर्गेषु, भ्रान्तं वनचरैः सह।
न मूर्खजनसम्पर्कः, सुरेन्द्रभवनेष्वपि।।

3.4 अपनी प्रगति जांचिए

1 श्लोक के मध्य में विश्राम स्थल (अर्द्ध–विराम) को क्या कहते हैं ?

2 श्लोक का धारा प्रवाह में पढ़ा जाना क्या कहलाता है ?

3 प्रायः प्रत्येक श्लोक में कितने पाद या चरण होते हैं ?

4 श्लोक के चार खण्डों को क्या कहते हैं ?

5 अनुष्टुप् छन्द का अन्य नाम क्या है ?

3.5 सारांश

प्रायः प्रत्येक श्लोक के चार खण्ड होते हैं, जो पाद या चरण कहलाते हैं। ह्रस्व या लघु अक्षर के उच्चारण में जितना समय लगता है, उसे एक मात्रा कहते हैं तथा दीर्घ या गुरु के उच्चारण काल को दो मात्राएँ कहते हैं। अतः जब श्लोक में मात्राओं की गिनती की जाती हैं, तब लघु की एक और गुरु की दो मात्राएँ गिनी जाती है। श्लोक के मध्य में विश्राम स्थल (अर्द्ध–विराम) को यति या विराम कहते हैं। श्लोक में गति, लय या प्रवाह का ध्यान भी रखना पड़ता है। गति का अर्थ है – श्लोक का धारा प्रवाह में पढ़ा जाना। इस प्रकार प्रस्तुत इकाई में श्लोक का सामान्य ज्ञान देते हुए विद्यार्थियों में श्लोकों को अर्थ सहित कण्ठस्थ करने की प्रवृत्ति को जागृत किया गया ताकि वे श्लोकों का सस्वर एवं शुद्ध गायन तथा लेखन भी कर सकें।

3.6 मुख्य शब्दावली

- **यति** – श्लोक के मध्य में विश्राम–स्थल (अर्द्ध–विराम)
- **गति** – श्लोक का धारा प्रवाह में पढ़ा जाना
- **पाद–चरण** – प्रायः प्रत्येक श्लोक के चार खण्ड

- **एक मात्रा** – ह्रस्व या लघु अक्षर के उच्चारण में लगने वाला समय
- **दो मात्राएं** – दीर्घ या गुरु अक्षर का उच्चारण–काल

3.7 अपनी प्रगति जांचिए के उत्तर

1 यति

2 गति

3 चार

4 पाद या चरण

5 श्लोक

3.8 अभ्यास हेतु प्रश्न

1 इस पुस्तक में छपे श्लोकों से भिन्न पाँच श्लोकों को कण्ठस्थ कीजिए।

2 इस पुस्तक में छपे श्लोकों से भिन्न चार श्लोकों का शुद्ध लेखन कीजिए।

3 किसी दस श्लोकों का यति–गति के साथ सस्वर उच्चारण कीजिए।

4 यति तथा गति की अवधारणा को श्लोक सहित स्पष्ट कीजिए।

5 लघु–गुरु की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए किसी श्लोक में लघु तथा गुरु के चिह्न अंकित कीजिए।

3.9 आप ये भी पढ़ सकते हैं

1 संस्कृत व्याकरण एवं छन्दोज्ञान – रमेश चन्द्र, रचना प्रकाशन, जयपुर।

2 श्रीमद्भगवद्गीता – गीता प्रेस, गोरखपुर।

3 मेघदूतम् – महाकवि कालिदास, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी।

4 बुद्धचरितम् – महाकवि अश्वघोष, चौखम्भा विद्याभवन, वाराणसी।

5 रामायण – महर्षि वाल्मीकि, गीता प्रेस, गोरखपुर।